भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3021
गुरुवार, दिनांक 12 मार्च, 2020 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>अल्ट्रा मेगा सौर विद्युत संयंत्र</u>

3021. श्री वाई॰ देवेन्द्रप्पाः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने औद्योगिक क्षेत्र को गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति करने तथा ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने हेतु कर्नाटक में 1000 मेगावाट की क्षमता वाला अल्ट्रा मेगा सौर विद्युत संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त परियोजना को आरंभ करने के लिए कोई निधि जारी की गई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त विद्युत संयंत्र पर चल रहे कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा तथा विद्युत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री आर.के. सिंह)

(क) और (ख): सरकार ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की सौर पार्कों और अल्ट्रा मेगा सौर विद्युत परियोजनाओं की योजना के तहत कर्नाटक के पवागडा में 2000 मेगावाट क्षमता के सौर पार्क की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

(ग) और (घ): दिनांक 31.12.2019 की स्थिति के अनुसार, कर्नाटक के पवागडा में सौर पार्क के लिए लगभग 305.025 करोड़ रु. की केन्द्रीय वित्तीय सहायता जारी की गई है।

(ङ) पवागडा सौर पार्क में बाह्य पारेषण प्रणाली के लिए पांच 500 एमवीए के ट्रांसफार्मरों के साथ 2000 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाएं चालू हो जाने की सूचना प्राप्त हुई है।

*****